# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/978 दिनांक : 02/05/2012

## / / अधिसूचना / /

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **बी.ए./बी.एससी. षष्टम् सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के.टी.) परीक्षा मई/जून** 2012 हेतु परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:–

| **विवरण** | **परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | **तिथि एवं शुल्क विवरण** | **बी.एससी.** | **बी.ए.** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ जमा करने की अंतिम तिथि | तिथि | 04–05–2012 से 10–05–2012 तक | 04–05–2012 से 10–05–2012 तक |
| | नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 1705/– | रूपये 1165/– |
| | भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 2005/– | रूपये 1465/– |
| | एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 550/– प्रति पेपर | रूपये 550/– प्रति पेपर |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 12–05–2012 | 12–05–2012 |
| वेबसाइट पर अपडेट (UPDATE) किये हुये परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | तिथि | 14–05–2012 | 14–05–2012 |

विशेष नोट :–

1. प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन–पत्रों को ऑनलाइन अपडेट करते समय मांगी गयी समस्त जानकारियां पूर्ण रूप से अपडेट करें। आवेदन पत्र अपडेट करते समय छात्र का नामांकन क्रमांक, छात्र का नाम, पिता का नाम, माता का नाम तथा छात्र के प्रथम से पंचम सेमेस्टर तक कम्पाइलेशन अंक (केवल उत्तीर्ण कक्षा के अंक) अनिवार्य रूप से सही अपडेट करें। यहां विशेष ध्यान रखें कि छात्र की किसी भी सेमेस्टर परीक्षा में एटीकेटी होती है तो ऐसी स्थिति में छात्र के उक्त सेमेस्टर के अंक अपडेट नहीं करें, केवल उत्तीर्ण सेमेस्टर के ही अंक अपडेट करें। छात्रगण परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ पंचम सेमेस्टर परीक्षा की इन्टरनेट से अंकसूची डाउनलोड कर संलग्न करें।

2. यदि किसी छात्र ने अपना नामांकन नहीं कराया है, ऐसी स्थिति में छात्र सर्वप्रथम विश्वविद्यालय आकर अपना नामांकन अनिवार्य रूप से करायें। उसके उपरांत ही छात्र का आवेदन पत्र ऑनलाइन अपडेट होगा। **नामांकन नहीं होने एवं गलत होने की स्थिति में छात्र परीक्षा से वंचित होगा, इसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा।**

3. प्राचार्यगण कम्प्यूटर प्रभारी को यह निर्देशित करें कि छात्र के परीक्षा आवेदन–पत्र पर यदि कोई त्रुटि है तो त्रुटि संशोधित कर परीक्षा आवेदन–पत्र को ऑनलाइन अपडेट करें। प्रायः देखने में आ रहा है कि छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम में अभी भी त्रुटियां आ रही है। इस सम्बन्ध में सुझाव है कि वह हायर सेकेण्डरी (10+2) की अंकसूची में दर्शित स्पेलिंग अनुसार ही परीक्षा आवेदन–पत्र में करेक्शन करें और ऑनलाइन अपडेट करायें।

4. अपडेट किये हुये प्रिन्टआउट परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ छात्रों की प्रथम सेमेस्टर से पंचम सेमेस्टर तक की सभी अंकसूचियां मय चालान कॉपी के साथ संलग्न कर विश्वविद्यालय कार्यालय में सम्बद्धता विभाग से सम्बद्धता की स्थिति की मूल प्रति (नोड्यूज प्रपत्र) सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा) के हस्ताक्षर उपरांत संबंधित कक्षा प्रभारी/शाखा प्रभारी के पास जमा करायें।

5. उपरोक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।

6. उपरोक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित छात्र 60/–, एटीकेटी/भूतपूर्व छात्र 80/– रूपये, एवं अग्रेषण शुल्क 50/– प्रति छात्र तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। उपरोक्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है।

7. यदि किसी छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन उपलब्ध नहीं होता है, ऐसी स्थिति में महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि यदि छात्र आगामी परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखता है, तब "New Exam Form" ऑप्सन में जाकर छात्र का परीक्षा फार्म भरें और "Print Exam Form" आप्सन से फार्म एवं चालान प्रिन्ट करें।

8. महाविद्यालय तथा एटीकेटी प्राप्त छात्रों द्वारा यह शिकायत की जा रही है कि परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ प्रिन्ट हो रहे चालान फार्म में फीस अधिक प्रिन्ट है। इसका कारण यह है कि उस छात्र का आवेदन–पत्र एटीकेटी स्टेटस (ATKT STATUS) में प्रिन्ट नहीं किया गया है तथा उसका एटीकेटी का विषय (ATKT SUBJECT) आवेदन–पत्र में सही अंकित नहीं है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के लॉगिन पर एक नया ऑप्सन "UPDATE SUBJECT & CATEGORY" प्रारम्भ किया गया है, जिसमें महाविद्यालय छात्र का सही STATUS एवं सही SUBJECT आवश्यक रूप से पहले अपडेट करें और उसके पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान फार्म "Print Exam Form" से प्रिन्ट करें।

8. **विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए./बी.एससी. षष्टम् सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व एवं ए.टी.के.टी.) की परीक्षाएँ दिनांक 18 मई, 2012 से प्रारम्भ होना प्रस्तावित हैं।**

**कुलसचिव,**

पृष्ठांकन क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/979 दिनांक : 02/05/2012

**प्रतिलिपि :–**

1. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को आवश्यक कार्यवाही कर परीक्षा कार्य में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेषित।
2. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. प्राचार्य ..........................................................................................

**सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**